नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 178/2020
Dt-26.12.2020

कुलपति
राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय
पूसा, समस्तीपुर

विषयः– मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के आधारभूत संरचना के निर्माण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयांकित संदर्भ में मधुबनी जिलान्तर्गत 21 प्रखंड एवं 5 अनुमंडल कार्यरत है। कृषि के विकास एवं वैज्ञानिक कृषि कार्य एवं किसानों के कृषि से संबंधित विशेष जानकारी हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना की गयी। मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर जिला मधुबनी के सुखैत ग्राम में कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना की गयी है। जगहों पर जमीन की पर्याप्त मात्रा है जहाँ इसके आधारभूत संरचना के निर्माण नहीं होने से कृषि विज्ञान संबंधी कार्यों में परेशानी हो रही है।

भारत सरकार के इच्छाशक्ति एवं बिहार सरकार के सदप्रयास से कृषि की नवीनतम जानकारी हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र की स्थापना सभी जिलों में की गयी। झंझारपुर अनुमंडल में चार प्रखंड के किसानों के लिए यह केन्द्र सराहनीय है। मेरे द्वारा निरीक्षण के क्रम में पाया कि आधारभूत संरचना के अभाव के कारण किसानों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। पर्याप्त मात्रा में जमीन भी है।

अतएंव अनुरोध है कि झंझारपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के आधारभूत संरचना के निर्माण हेतु निदेश देना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in